ज्ञान महाविद्यालय

# ज्ञान दर्शन

अर्द्धवार्षिक बुलेटिन

मई, 2019 से अक्टूबर, 2019 तक

(केवल ज्ञान परिवार में वितरण के लिए)

ज्ञान महाविद्यालय

आगरा रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.)

E-mail : gyanmv@gmail.com

Mobile : +91 92194 19405

Website : www.gyanmahavidhyalaya.com

Gyan Parivar

## 1. अतिथि व्याख्यान :

### ➢ बी. एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान :

01 अक्टूबर, 2019 को स्थानीय धर्म समाज महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह ने हमारे महाविद्यालय में आकर "Indentify the attitude and Teaching skill of an effective teacher" विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया। अतिथि वक्ता ने अपने व्याख्यान की शुरूआत में प्रशिक्षुओं से उनके बी.एड. में प्रवेश लेने के उद्देश्य पूछे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि अध्यापक बनना आसान है, लेकिन आदर्श अध्यापक बनना बहुत ही मुश्किल है। विद्वान व्याख्याता ने आदर्श अध्यापक की परिभाषा तथा गुणों के बारे में बताने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं को 'कौशलों का शिक्षण में प्रयोग' से भी अवगत कराया। उन्होंने प्रोफेसर बी.के. पासी के 13 कौशलों की विस्तार से व्याख्या की तथा समावेशी शिक्षा के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। अतिथि वक्ता ने प्रश्नीकरण कौशल के अन्तर्गत प्रशिक्षुओं को प्रश्नों में अन्तर करना सिखाया तथा प्रश्नों की प्रकृति एवं प्रश्न पूछने के तरीके से अवगत कराया।




## अनुक्रम

1. अतिथि व्याख्यान
- ➢ बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान ...... ...... 1

2. विभिन्न दिवसों का आयोजन
- ➢ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता ...... 2
- ➢ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ...... ...... 2
- ➢ स्वतंत्रता दिवस समारोह ...... ...... 2
- ➢ संस्थापक दिवस समारोह ...... ...... 2
- ➢ हिन्दी दिवस का आयोजन ...... ...... 4
- ➢ राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस ...... ...... 4
- ➢ गांधी एवं शास्त्री जयन्ती ...... ...... 4

3. विभागीय गतिविधियाँ :
- ➢ बालिका सुरक्षा अभियान (कवच) के अन्तर्गत गोष्ठी का आयोजन 4
- ➢ मेंहदी प्रतियोगिता एवं तीजोत्सव का आयोजन ...... 5
- ➢ बी.एड.सत्र-2019 के प्रशिक्षुओं का प्रतिभा परिचय ...... 5
- ➢ इन्क्रेडिबल हॉरिजन शिविर 2019 का आयोजन ...... 6
- ➢ राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण ...... 6
- ➢ ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वस्तुनिष्ठ परीक्षा ...... 6
- ➢ महाविद्यालय प्रबन्धन ने प्रेरणात्मक फिल्म मिशन मंगल दिखायी 7
- ➢ डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं का प्रतिभा परिचय समारोह ...... 7
- ➢ युवोत्सव 2019 में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग ...... 7
- ➢ गांधी जयंती के उपलक्ष्य में निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता ...... 7
- ➢ हाथिया कार्यक्रम का आयोजन ...... ...... 8
- ➢ महाविद्यालय के चेयरमैन को नेताजी कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया ...... ...... 8
- ➢ ज्ञान ज्योति मेले का आयोजन ...... ...... 8

4. एन.एस.एस. ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा रोट्रेक्ट क्लब के कार्यक्रम
- ➢ पक्षियों हेतु दाना पानी कार्यक्रम ...... ...... 9
- ➢ वृहद् पौधारोपण के साथ संकल्प ...... ...... 10
- ➢ डॉ. ललित उपाध्याय कलमवीर साहित्य सम्मान से सम्मानित ...... 10
- ➢ ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन ...... 10
- ➢ गोद लिये गये गाँव महेनाव की बेटी को ज्ञान शक्ति पुरस्कार ...... 11
- ➢ पल्स पोलियो रैली में रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों का प्रतिभाग ...... 11
- ➢ शहीद स्मारक, सरकारी स्कूल तथा जरूरतमन्द लोगों के घर दीप जलाये 11
- ➢ रन फॉर यूनिटी का आयोजन ...... ...... 11

5. ज्ञान आई.टी.आई. के कार्यक्रम
- ➢ ज्ञान आई.टी.आई. के प्रशिक्षुओं का शैक्षिक भ्रमण ...... 11
- ➢ ज्ञान आई.टी.आई. का दीक्षांत समारोह ...... ...... 12
- ➢ ज्ञान आई.टी.आई. में आयोजित प्लेसमेंट शिविर ...... 12
- ➢ ज्ञान आई.टी.आई. में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन ...... 12
- ➢ ज्ञान आई.टी.आई. में एक दिवसीय कार्यशाला ...... 12

ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम, समारोह तथा उत्सव के श्रीगणेश हेतु विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आमंत्रित अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित किये जाते हैं। अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिह्न देकर उनको यथोचित सम्मान प्रदान करने की भी परम्परा है।

ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रबन्ध समिति की अध्यक्षा, चेयरमैन, अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य, डॉ० गौतम गोयल, श्रीमती रितिका गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य, उप प्राचार्य, मुख्य अनुशासन अधिकारी, सभी संकायों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी तथा शिक्षणेतर वर्ग के व्यक्ति यथा सम्भव और आवश्यकतानुसार सम्मिलित होते हैं। मीडिया संबंधी कार्यों का निर्वहन जन सम्पर्क अधिकारी डॉ० ललित उपाध्याय द्वारा किया जाता है। कार्यक्रमों का प्रबन्धन श्री मनोज यादव के निर्देशन तथा प्राचार्य एवं उप प्राचार्य के पर्यवेक्षण में किया जाता है।



Scanned by CamScanner

उन्होंने सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक के समालोचनात्मक अध्ययन की विस्तार पूर्वक व्याख्या की तथा कक्षा प्रबन्धन सम्बन्धी उदाहरण भी दिये। व्याख्यान के अन्तिम चरण में उन्होंने प्रभावी अध्यापक होने के लिये आवश्यक बातों पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षुओं से अनेक प्रश्न पूछकर अपने व्याख्यान का पृष्ठपोषण लिया।

अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया।

## 2. विभिन्न दिवसों का आयोजन :

### ➢ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता :

4 जून, 2019 को महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में डी.एल.एड. बैच-2018 के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन डी.एल.एड. के प्राध्यापक ललित कुमार ने किया, निर्णायक मण्डल में डॉ. ललित उपाध्याय, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह तथा डॉ. ज्योति सिंह रहीं। इस प्रतियोगिता में कु. शिवानी ने प्रथम, प्रियंका कश्यप ने द्वितीय तथा योग्यता वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ➢ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस :

21 जून, 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस शिविर में पतंजलि योग पीठ के प्रशिक्षक श्री प्रेम पाल सिंह तथा श्री वैभव सक्सैना ने प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के कर्मचारियों ने शिविर में प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षकों ने उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं के बारे में बताया और उनका अभ्यास कराया। करायी गयी सभी योग क्रियाओं के मुख्य -मुख्य फायदे भी सबको बताये गये।

अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने दोनों प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

### ➢ स्वतंत्रता दिवस समारोह :

15 अगस्त, 2019 को ज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर वर्ग ने सउत्साह प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय के प्रबंधक श्री मनोज यादव ने महाविद्यालय परिवार के उपर्युक्त सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया तथा सभी को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य डॉ.वाई.के. गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्र सरकार ने जम्मू और कश्मीर प्रदेश से धारा 370 तथा 35ए समाप्त कर ऐतिहासिक कदम उठाया है, इससे पूरे देश में एक ही राष्ट्रीय ध्वज तथा एक संविधान लागू हुआ है, जिससे जम्मू और कश्मीर की अनेक सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक समस्याएं निकट भविष्य में सुगमता से हल हो जायेंगी और प्रदेश से लगी पाकिस्तान की सीमा पर भी अपेक्षित शांति कायम होने में भी मदद मिलेगी।



महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रत्न प्रकाश, डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्णा जौहरी, डॉ. विवेक मिश्रा, श्री राम किशन शर्मा, डॉ. हुकम सिंह चौधरी, डॉ. हरीश गोयल तथा डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने भी अपने-अपने उद्बोधन में स्वतन्त्रता संग्राम के शहीदों एवं सेनानियों को नमन करते हुए देश की अखण्डता तथा आपसी भाईचारे को कायम रखने की वकालत की। अन्त में सभी को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

### ➢ संस्थापक दिवस समारोह :

11 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में संस्थापक दिवस समारोह परम्परागत हर्षोल्लास से मनाया गया, इस समारोह में भारत सरकार के पूर्व राज्यमंत्री ई.पोन्नु स्वामी ने मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. अनिरुद्ध सिंह यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. ज्ञानेन्द्र गोयल जी के परिजनों में से श्री दीपक गोयल (चेयरमैन), श्री लाल गोयल (चेयरमैन, ऑर्गन डोनेशन फाउण्डेशन), श्रीमती श्रीदेवी गोयल (आई.पी.एस., पूर्व डी.जी.पी., महाराष्ट्र सरकार), श्रीमती आशा देवी (अध्यक्षा), श्री गौतम गोयल (निदेशक ज्ञान आई.टी.आई.) व श्रीमती रितिका गोयल पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



Scanned by CamScanner




महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों में से श्री अवि प्रकाश मित्तल, श्री अनिल खण्डेलवाल, इंजी. इन्द्रेश कौशिक, श्री असलूब अहमद ने उपस्थित रहकर समारोह को गौरवान्वित किया। अन्य अतिथियों में श्री बिजेन्द्र सिंह (पूर्व सांसद), श्रीमती मधुबाला, श्रीमती हेमलता, श्री मनमोहन चावला (सचिव उ. प्र. स्ववित्त पोषित महाविद्यालय संघ), श्री डी.पी. शर्मा, श्रीमती दीपा मित्तल, श्री प्रमोद कुमार शर्मा आदि ने उपस्थित रहकर समारोह में चार चाँद लगाये।

महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के कर्मचारी भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। उद्घाटन की औपचारिकता के बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की, तद्उपरान्त प्राध्यापकों ने सभी अतिथि तथा गणमान्य व्यक्तियों का औपचारिक स्वागत किया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित स्वागत गान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने महाविद्यालय की अब तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की तथा विद्यार्थियों ने डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। डॉ. ज्योति सिंह तथा डॉ. ललित उपाध्याय ने क्रमशः मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का परिचय दिया और विद्यार्थियों ने क्लासीकल डांस (कथक स्टाइल) प्रस्तुत किया।

ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने समिति के कार्यों का उल्लेख किया और विद्यार्थियों ने महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी को रोकने से सम्बन्धित नृत्य सह नाटक प्रस्तुत कर इस समस्या की ओर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस वर्ष बी.एड. प्रथम वर्ष में हमारे महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को निश्चित धनराशि के चैक छात्रवृत्ति के रूप में देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वर्तमान केन्द्र सरकार की योजनाओं पर आधारित एक नाटक विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। ज्ञान प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित हुए, बी.ए., बी.कॉम. तथा बी.एस-सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को भी निश्चित धनराशि के चैक दिये गये, तद्उपरान्त विद्यार्थियों ने राष्ट्र भक्ति से सम्बन्धित समूह नृत्य पेश किया।

आगरा मण्डल में श्री मुरारीलाल मैमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के छात्र श्री चैतन्य हरी वार्ष्णेय को ज्ञान गौरव सम्मान से नवाजा गया। विद्यार्थियों को दिये गये उपर्युक्त चैक तथा सम्मान उपस्थित अतिथि तथा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिये गये। ज्ञान आई.टी.आई. के पूर्व छात्र श्री भाकेश कुमार व श्री संदीप कुमार के विद्युत विभाग में टी.जी-2 सरकारी सेवा में चयन पर प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय व अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

पूर्व सांसद श्री बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक श्रद्धेय ज्ञानेन्द्र गोयल यदि चाहते तो अपने परिवार की आय के लिये बड़ा उद्योग लगा सकते थे, लेकिन उन्होंने उच्च शिक्षा के प्रसार के लिये महाविद्यालय की स्थापना करना जरूरी समझा। ऑर्गन डोनेशन फाउण्डेशन ऑफ इण्डिया के चेयरमैन श्री लाल गोयल ने अंगदान के महत्त्व व फाउण्डेशन के कार्यों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने मराठी स्टाइल का लोक नृत्य पेश किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिरुद्ध सिंह यादव ने महाविद्यालय की खूबियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ई. पोन्नु स्वामी ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय के योगदान की चर्चा की और प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया, कि वे अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं नेकचलनी से महाविद्यालय के संस्थापक के आदर्शों को पूरा करें।








Scanned by CamScanner

अन्त में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति सिंह तथा श्रीमती वर्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय के निर्देशन में की गयी।

➢ **हिन्दी दिवस :**

14 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में हिन्दी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया, इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने कहा कि विश्व में चौथा स्थान रखने वाली हिन्दी भाषा को भाषावाद में न उलझाया जाए।




कार्यक्रम में विद्यार्थी सुनहरी सिंह, पूजा सक्सैना, विनती, मुस्कान सक्सैना, आनन्द, नूतन, शिवानी, तेजस, देवयानी, झिलमिल, मनोज, शानू जैन, राखी तथा सचिन कुमार के साथ प्राध्यापक लख्मी चन्द्र, डॉ. विवेक मिश्रा तथा डॉ. वीना अग्रवाल ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन साहित्यक समिति के प्रभारी डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह ने किया। अन्त में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया।

➢ **राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस :**

24 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी ने स्वेच्छा सेवियों को मतदान का महत्त्व बताने के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में बताया।



डॉ. ज्योति सिंह ने वृक्षारोपण, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के बारे में बताया। स्वेच्छासेवी हेमन्त सक्सैना, नाजिया खानम, प्रांजल अग्रवाल तथा फैसल खान ने कविता एवं एन.एस.एस. संबंधी गीत प्रस्तुत किये। उपस्थित व्यक्तियों ने मतदाता संकल्प पत्र के साथ स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

➢ **गांधी एवं शास्त्री जयन्ती :**

02 अक्टूबर, 2019 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की। इसके बाद महाविद्यालय में गांधीजी के जीवन दर्शन पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इस प्रदर्शनी में गांधीजी के जन्म से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं के अनेक फोटो लगाये गये। विद्यार्थी तथा प्राध्यापकों ने प्रदर्शनी को ध्यानपूर्वक देखा। इसके बाद का कार्यक्रम स्वराज्य सभागार में हुआ।



डॉ. दीना नाथ गुप्ता, डॉ. नीलम सिंह, श्रीमती अकलीम वसी खान, श्रीमती सुचेता सिंह, श्री लख्मी चन्द, श्री गिर्राज किशोर, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. ललित उपाध्याय, डॉ. नरेन्द्र सिंह तथा रत्न प्रकाश आदि प्राध्यापकों ने गांधी जी के व्यक्तित्त्व एवं कृतित्व पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राध्यापिका डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय ने छात्राओं के साथ गांधीजी का प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम'' प्रस्तुत किया। रत्न प्रकाश ने भारत में हुई हरित क्रान्ति में शास्त्री जी के योगदान की विशेष रूप से चर्चा की और उन्हें मासूमों तथा मजलूमों का मसीहा बताया।

कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

## ३. विभागीय गतिविधियाँ :

➢ **बालिका सुरक्षा अभियान (कवच) के अन्तर्गत गोष्ठी का आयोजन :**

22 जुलाई, 2019 को महाविद्यालय परिसर में बी.एड. विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बी.एड. की छात्राध्यापिकाओं को सुरक्षा की जानकारी देने के साथ-साथ अपने सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।



Scanned by CamScanner

मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा नीरा वार्ष्णेय ने कहा कि छात्राएँ चुप्पी तोड़ें, खुलकर बोलें, उन्हें अब डरने की जरूरत नहीं है, छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने वालों को कानूनी रूप से कठोर सजा मिलेगी। उन्होंने चाइल्ड लाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 1090 तथा महिला कल्याण 181 टोल फ्री नम्बर के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. ललित उपाध्याय ने किया, महिला पुलिसकर्मी प्रशिक्षिका श्रीमती कृष्णा ने एंटी रोमियो स्कवाइड के कार्यों तथा पुलिस हेल्पलाइन 100 नम्बर के बारे में बताया।



डी.एस. कॉलेज के विधि विभाग के अध्यक्ष रहे डॉ. पी.एस. वार्ष्णेय ने कहा कि छात्राओं को शोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्सएप्प पर अपनी निजी तस्वीरें व जानकारी पोस्ट करने से बचना चाहिये। बढ़ते साइबर क्राइम की वजह सोशल मीडिया बनता जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा से उदयसिंह जैन इण्टर कॉलेज की अध्यापिका श्रीमती पल्लवी कुलश्रेष्ठ ने किशोरी बालिकाओं के हार्मोन्स परिवर्तन के कारण बदलाव, बैडटच व गुडटच पर व्यापक चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. आभा कृष्ण जौहरी (बी.एड. की विभागाध्यक्षा) ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया व महिला छात्राध्यापिकाओं को स्वतंत्रता के अधिकार का सीमा में रहकर उपयोग करने की नसीहत दी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकताओं को सीमित कर दिया जाये, तो समाज में महिलाओं की सुरक्षा व आत्म सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

### ➢ मेंहदी प्रतियोगिता एवं तीजोत्सव का आयोजन :

3 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा संकाय द्वारा ''गीत संगीत एवं झूला'' कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें प्राध्यापिका एवं छात्राओं ने तीज से सम्बन्धित गीत, कविता तथा मल्हारों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इन महिलाओं ने झूले का भी आनन्द लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का रहा। तीजोत्सव में बी.एड. की प्रशिक्षु मुस्कान, शिवानी, हर्षा एवं चाँदनी तथा डी.एल.एड. की प्रशिक्षु मृगनयनी, लीना, निधी तथा आयुषी ने सावन के गीतों की प्रस्तुति में विशेष स्थान प्राप्त किया।

मेंहदी प्रतियोगिता में बी.एड. की प्रशिक्षु हर्षा व्यास ने प्रथम, संगीता ने द्वितीय तथा कुमकुम कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रचना जादौन एवं ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राध्यापिका डॉ. सुहैल अनवर तथा डॉ. बीना अग्रवाल ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. आभा कृष्ण जौहरी ने तीजोत्सव के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय एवं सह संयोजक श्रीमती वर्षा शर्मा ने किया।

### ➢ बी.एड.सत्र–2019 के प्रशिक्षुओं का प्रतिभा परिचय :

8 अगस्त, 2019 को बी.एड. सत्र-2019-21 के नव आगन्तुक प्रशिक्षुओं हेतु प्रतिभा परिचय समारोह का आयोजन महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने प्रतिभाग किया। सभी प्रशिक्षुओं के पाँच समूह बनाये गये, प्रत्येक समूह सदस्यों ने समूह वार मंच पर आकर अपना-अपना परिचय दिया, सभी संकाय के प्राध्यापक भी संकाय वार मंच पर आये और उनके अध्यक्ष ने अपने-अपने संकाय के प्राध्यापकों का परिचय नव आगन्तुक प्रशिक्षुओं से कराया। बी.एड. के इन नव आगन्तुक प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम के बीच-बीच में अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें राजस्थानी लोक नृत्य, डांडिया रास, शिक्षा की महत्ता पर आधारित नव नाटक तथा अनेक एकल गीत प्रस्तुत किये गये। बी.एड. की विभागाध्यक्षा डॉ. आभा कृष्ण जौहरी ने सभी प्रशिक्षुओं को अनुशासन में रहने तथा योग्य शिक्षक बनने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. की प्रशिक्षु मुस्कान सक्सैना तथा प्रशंसा वार्ष्णेय ने किया।



कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय तथा श्रीमती वर्षा शर्मा ने किया। अन्त में चेयरमैन महोदय ने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।



Scanned by CamScanner

कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित व्यक्तियों ने महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित जलपान का आनन्द लिया।

➢ **इनटेक हेरीटेज क्विज 2019 का आयोजन :**

10 अगस्त, 2019 को ज्ञान महाविद्यालय परिसर में ब्रज भूमि रीजनल चेप्टर इनटेक (इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरीटेज) द्वारा इण्डिया हेरीटेज क्विज के सिटी राउंड का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अलीगढ़ शहर के 09 विद्यालयों की 47 टीमों के 94 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। शहर के प्रतिभागी विद्यालयों में ए.एम.यू. सिटी गर्ल्स हाई स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, विजन ग्लोबल स्कूल, सरस्वती विद्या मन्दिर, डी.एस. बाल मन्दिर, कृष्णा इण्टरनेशनल स्कूल, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, मदर्स टच स्कूल तथा रघुबीर बाल मन्दिर स्कूल शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में ए.एम. यू. सिटी गर्ल्स हाईस्कूल की छात्रा इकरा व सानिया की टीम प्रथम तथा इसी स्कूल की फातिमा खालिद व कौशर नूर की टीम द्वितीय स्थान पर



रही। डी.एस. बाल मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के अंशुल वर्मा और मिलिन्द सिंह की टीम तृतीय तथा ए.एम.यू. सिटी गर्ल्स हाईस्कूल के फैजा रईस व कुलसुम शाहिद की टीम चौथे स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि रोटेरियन मुकेश सिंघल व रीमा सिंघल तथा क्षेत्रीय समन्वयक श्री दीपक गोयल ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। श्री दीपक गोयल ने इनटेक के हेरीटेज जागरण के प्रयासों की जानकारी दी, सिटी समन्वयक श्री. वाहिद ने बताया कि पूरे 100 शहरों में इस प्रकार की क्विज का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के साथ-साथ उपर्युक्त सभी 9 विद्यालयों के शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती सुचेता सिंह ने किया।

➢ **राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण :**

14 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा संकाय में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस आयोजन में Rotary International District Governor श्री किशोर कटरू ने मुख्य अतिथि तथा Chief Zonal Secretary श्री आलोक प्रकाश एवं Additional District Governor श्री दिलीप श्रीवास्तव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने महाविद्यालय की शुरु से अब तक की प्रगति के बारे में उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया तथा सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने समिति के कार्यों का वर्णन किया।



मुख्य अतिथि महोदय ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में शिक्षा व साक्षरता का अन्तर स्पष्ट किया तथा भावी शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान देने के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दें। श्री आलोक प्रकाश जी ने कहा कि बी.एड. का कोर्स सैद्धान्तिक के साथ- साथ प्रयोगात्मक अधिक है, इसलिये प्रशिक्षुओं को इसमें व्यावहारिक रुचि लेनी चाहिये। बी.एड. तथा डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने राखी बनाने की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कृत किया। बी.एड. की प्रशिक्षु कल्पना सिंह ने प्रथम, पूजा कुमारी ने द्वितीय तथा जयमाला कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डी.एल. एड. के प्रशिक्षुओं में कु. मीना प्रथम, अंशिका बुर्जवाल द्वितीय तथा दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के बीच-बीच में प्रशिक्षुओं ने समूह नृत्य एवं युगल गीत आदि प्रस्तुतियाँ दीं। इन उपस्थित रोटेरियन्स ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती मेघा अरोरा ने किया। अन्त में चेयरमैन महोदय ने विद्यार्थियों को रक्षाबन्धन एवं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

➢ **ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वस्तुनिष्ठ परीक्षा :**

डॉ. रघुनंदन प्रसाद मैमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट, मुम्बई ने उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन हेतु ज्ञान महाविद्यालय में बी.ए., बी.एस-सी. तथा बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों के लिये 21 अगस्त, 2019 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया, इस



Scanned by CamScanner

प्रतियोगिता में प्राप्तांकों के आधार पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चैक 11 सितम्बर, 2019 को संस्थापक दिवस समारोह में दिये गये। इस प्रतियोगिता में प्राप्तांकों के आधार पर 72 विद्यार्थी पात्र पाए गए।




संस्थापक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के महामंत्री श्री मनमोहन चावला एवं उनकी धर्मपत्नी तथा प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री अनिल खण्डेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने ये चैक विद्यार्थियों को दिये।

महाविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती आशा देवी ने चैक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ➢ महाविद्यालय प्रबन्धन ने प्रेरणादायक फिल्म मिशन मंगल दिखवायी :

23 अगस्त, 2019 को ज्ञान महाविद्यालय तथा ज्ञान आई.टी. आई. के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों को महाविद्यालय प्रबन्धन ने स्थानीय वाड्रा डी.डी. सिनेमा घर में उक्त विषयक फिल्म दिखवायी। यह फिल्म उपर्युक्त व्यक्तियों के परिजनों को भी दिखवायी गयी। इस फिल्म को देखने से दर्शकों के सकारात्मक सोच में वृद्धि हुई।

### ➢ डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं का प्रतिभा परिचय समारोह :

25 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में डी.एल.एड. बैच-2019 के प्रशिक्षुओं का प्रतिभा परिचय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उ.प्र. के पूर्व शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) डॉ. राजेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल तथा प्रबन्धक श्री मनोज यादव पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षुओं ने टोली वार मंच पर आकर अपना-अपना परिचय दिया। महाविद्यालय के सभी संकायों के प्रभारियों ने अपने-अपने संकाय के प्राध्यापकों के साथ मंच पर आकर प्राध्यापकों का परिचय प्रशिक्षुओं से कराया, बीच-बीच में प्रशिक्षुओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से सम्बन्धित एक लघु नाटक भी प्रशिक्षुओं ने प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षा के महत्त्व से सम्बन्धित एक लघु नाटक का भी मंचन किया गया।

प्राध्यापक श्री राम किशन शर्मा ने डी.एल.एड. विभाग की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने अपने सम्बोधन में आवश्यक प्रशिक्षण पर बल दिया। मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि प्रशिक्षुओं को भावी अध्यापक के रूप में तैयार होने के लिये महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में सक्रिय भाग लेना चाहिए। चेयरमैन श्री दीपक गोयल तथा मुख्य अतिथि ने सत्र-2017 तथा 2018 बैच के प्रशिक्षुओं को स्काउट व गाइड के प्रमाण पत्र दिये और चेयरमैन महोदय ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु नेहा पालीवाल तथा मृगनयनी गौड़ ने किया और संयोजन डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय द्वारा किया गया।

### ➢ युवोत्सव 2019 में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग :

दिनांक 26, 27, 28 सितम्बर, 2019 को डॉ.भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा 'युवोत्सव 2019-20' में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के बी.एड. विभाग की चार छात्राओं कु.हर्षा व्यास, कु.मोनिका पाठक, कु.शिवानी पचौरी एवं दीपिका मिश्रा ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी छात्राओं ने डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय (सांस्कृतिक समिति प्रभारी) के निर्देशन में अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।

### ➢ गांधी जयंती के उपलक्ष्य में निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता

01 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय की साहित्यिक समिति ने "गांधीजी के स्वच्छता सम्बन्धी विचारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए., बी.एस-सी. बी.कॉम. तथा डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहे।

2 अक्टूबर, 2019 को महाविद्यालय के सरस्वती भवन में भी एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन ड्रग की माँग को घटाने हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना "मद्य निषेध" था। यह प्रतियोगिता सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इसी दिन अपराह्न में मद्य निषेध विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में से रोहित पाठक, सचिन कुमार, प्रद्युम्न कुमार, आशुतोश यादव, चेतन्य हरी वार्ष्णेय तथा नाजिया खानम ने प्रतिभाग किया।



Scanned by CamScanner



शिक्षक शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों में से रोहित पाठक (बी.एड.) ने प्रथम तथा प्रद्युम्न कुमार (बी.एड.) ने द्वितीय तथा आशुतोश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य संकायों के विद्यार्थियों में से चैतन्य हरी वार्ष्णेय (बी.एस-सी.) ने प्रथम तथा नाजिया खानम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में प्राध्यापिका सुश्री भावना सारस्वत तथा डॉ. ज्योति सिंह रहीं।

उपर्युक्त दोनों दिनों के कार्यक्रमों का संचालन एवं संयोजन साहित्यक समिति प्रभारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

➢ **डांडिया कार्यक्रम का आयोजन :**

05 अक्टूबर, 2019 को नवरात्रि के पावन अवसर पर महाविद्यालय के ज्ञान भवन में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापिकाओं के साथ-साथ विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में बी.एड. की छात्रा हर्षा व्यास, शिवानी पचौरी, डौली, निकिता शर्मा तथा डी.एल.एड. की छात्रा मृगनयनी गौड़, रश्मि पाल तथा मानसी वार्ष्णेय आदि का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का संयोजन तथा आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया।

➢ **महाविद्यालय के चेयरमैन को "नेताजी कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय स्मृति सम्मान" से सम्मानित किया गया :**

08 अक्टूबर, 2019 को हमारे महाविद्यालय के चेयरमैन तथा ब्रज कला मण्डल के ब्रज प्रदेश सचिव रोटेरियन श्री दीपक गोयल जी को हाथरस में दशहरा उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में "नेताजी कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय स्मृति सम्मान" दिया गया। यह सम्मान चेयरमैन महोदय के कला, संस्कृति, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम राधा कृष्ण भवन के 17वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी, हाथरस, श्री अशोक कुमार शुक्ल तथा उप जिला अधिकारी, हाथरस, श्री नितीश कुमार की उपस्थिति में वरिष्ठ कवि श्री गोपाल चतुर्वेदी तथा चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान कवियों ने काव्यपाठ किया।



इस कार्यक्रम में अलीगढ़ तथा हाथरस के अनेक प्राध्यापक, बुद्धिजीवी, पत्रकार तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

➢ **ज्ञान ज्योति मेले का आयोजन :**

22 अक्टूबर, 2019 को हमारे महाविद्यालय के परिसर में ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब ने ज्ञान ज्योति मेले का आयोजन किया। इस आयोजन में महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री चाँद गोयल (आई.ए.एस.) ने मुख्य अतिथि तथा महाराष्ट्र सरकार की पूर्व पुलिस महानिदेशक श्रीमती श्रीदेवी गोयल (आई.पी.एस.) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती आशादेवी तथा चेयरमैन श्री दीपक गोयल के साथ- साथ प्रबन्धक श्री मनोज यादव एवं शिक्षक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मेले में अलीगढ़ शहर के 16 उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था, इनमें से अनेक विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी मेले का आनन्द लिया।




मेले में 38 स्टॉल लगाये गये, इनमें से अधिकांश पर खाने-पीने का सामान बेचा गया। अलीगढ़ जिले के डी.एल.एड. महाविद्यालयों



Scanned by CamScanner

में से 09 डी.एल.एड. महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी मेले में अपने-अपने स्टॉल लगाये। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मडराक, अलीगढ़ के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राजेश विद्यार्थी भी मेले में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी स्टॉल का अवलोकन किया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत् श्रीगणेश किया गया। बी.एड. की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, तदउपरान्त सभी अतिथियों का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। बी.एड. की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। बी.एस-सी. की छात्राओं ने लोक नृत्य (डांडिया) की प्रस्तुति दी।

ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्र ने समिति के कार्यों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिये चौदह गाँवों के ज्ञान महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दीपक, तेल तथा बाती दिये। ये दीपक दीवाली की रात को सम्बन्धित गाँवों के विद्यालय, पंचायत घर, आँगनबाड़ी केन्द्र आदि के साथ-साथ जरूरतमन्द लोगों के घर जलाये जायेंगे।



विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्रीदेवी गोयल ने कहा कि महाविद्यालय अनेक प्रकार के उपयोगी सामाजिक कार्य कर रहा है, पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक कार्य किया जाना बहुत ही अच्छी बात है, क्यों कि ऐसा करने से सामाजिक भावना को बढ़ावा मिलता है। लगाये गये स्टॉल्स में से प्रथम तथा द्वितीय स्थान ज्ञान महाविद्यालय के स्टॉल्स को मिला, जबकि तृतीय स्थान श्री लालाराम शर्मा महाविद्यालय, जरारा, अलीगढ़ के स्टॉल को मिला, साथ ही खुशीराम महाविद्यालय, खैर (अलीगढ़) के स्टॉल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने रोट्रेक्ट क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों को कॉलर एवं पिन भेंट किये। डायट के प्राध्यापक श्री राजेश विद्यार्थी ने अपने सम्बोधन में ज्ञान महाविद्यालय द्वारा डायट को दिये गये सहयोग की चर्चा की। डॉ. ललित उपाध्याय ने ग्रीन दीवाली से सम्बन्धित शपथ उपस्थित लोगों को दिलायी। मेले के आयोजन में प्रभारी-राम किशन शर्मा, संयोजक-श्रीमती मेघा अरोरा तथा रोट्रेक्ट क्लब की अध्यक्षा-मुस्कान सक्सैना, प्रभारी- डॉ. प्रशान्त शर्मा, सचिव- श्री सचिन कुमार आदित्य, उप प्रभारी- डॉ. ज्योति सिंह तथा कोषाध्यक्ष- श्री रोहित कुमार पाठक एवं प्रभारी ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति- डॉ. विवेक मिश्र का विशेष योगदान रहा।

अन्त में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों को दीवाली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती सुवेता सिंह तथा ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब की नाजिया खानम एवं दीक्षा शर्मा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निर्देशन डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय ने किया।

## 4. एन.एस.एस., ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा रोट्रेक्ट क्लब के कार्यक्रम :

➢ **पक्षियों हेतु दाना–पानी कार्यक्रम :**

28 मई, 2019 को महाविद्यालय की ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने डी.एल.एड. विभाग के प्रशिक्षु आदि के सहयोग से महाविद्यालय एवं परिसर में स्थित सहयोगी संस्थान ज्ञान आई.टी.आई. के विभिन्न भवनों में उचित स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी पात्र रखे।



इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षु तथा अनेक प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने की। डी.एल.एड. प्रशिक्षु श्री उदित कुमार ने ''एक पक्षी को देखा मैंने ''कहानी सुनाकर जीव-जन्तुओं के संरक्षण का संदेश दिया। प्रशिक्षु मानसी वार्ष्णेय, निधी सिंह व मृगनयनी गौड़ ने जीव-जन्तुओं की रक्षा हेतु अपने विचार रखे। शिवानी ने ''ओ री चिड़िया रानी'' कविता सुनाकर उपस्थित व्यक्तियों को भाव-विभोर कर दिया। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण एवं प्रकृति से जुड़ा है, इसे घर-घर पहुँचाने की आवश्यकता है। ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने जीव-जन्तु रक्षा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह ने गौरैया संरक्षण पर चर्चा की। डॉ. रत्न प्रकाश ने पर्यावरण, प्रकृति एवं ग्रामीण अंचलों से जुड़े जीव-जन्तु संरक्षण से सम्बन्धित अपने संस्मरण सुनाये। जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने कहा कि,



Scanned by CamScanner

''जो भूल रहे हैं प्राणी प्रकृति के प्यार को ।
वो क्या खाक देख पायेंगे खुशहाल संतान को।।

डी.एल.एड. के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राम किशन शर्मा ने प्रशिक्षुओं से अपील की है, कि वे अपने-अपने घरों की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखें। गोष्ठी का संचालन डी.एल.एड. प्रशिक्षु श्री तुलसी कुमार ने किया।

➢ **वृहद् पौधा रोपण के साथ संकल्प :**

महाविद्यालय की सामाजिक सरोकार समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वृहद् पौधा रोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 07.08.2019 को गाँव हाजीपुर चौहट्टा के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में डॉ. आभा कृष्ण जौहरी, ग्राम प्रधानपति श्री चन्द पाल सिंह, सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा, एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह तथा प्राध्यापिका श्रीमती दीप्ति जौहरी के साथ अनेक स्वेच्छासेवियों ने प्रतिभाग किया। इन सभी ने शीशम, सागौन, सिरीष तथा वकान आदि के पौधों का रोपण किया। तदुपरान्त एक गोष्ठी आयोजित कर जल संरक्षण एवं पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया गया।



08 अगस्त, 2019 को इसी प्रकार का कार्यक्रम मन्दिर के नगला स्थित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में डॉ. एच.एस. चौधरी तथा प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक आदि ने प्रतिभाग कर विद्यालय परिसर से शीशम, सागौन आदि के पौधे लगाकर बच्चों को पर्यावरण, जल संरक्षण एवं वृक्षों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

10 अगस्त, 2019 को इसी तरह का कार्यक्रम ज्ञान महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में रोटेरियन श्री मुकेश सिंघल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, ज्ञान आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य तथा अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने परिसर में शीशम, सागौन, वकान तथा शिरीष आदि के पौधे लगाये। सभी संकाय के विद्यार्थियों ने सक्रिय प्रतिभाग कर लगाये गये पौधों के रख-रखाव का संकल्प लिया।

➢ **डॉ. ललित उपाध्याय कलमवीर साहित्य सम्मान से सम्मानित :**

16 अगस्त, 2019 को स्थानीय अग्रसेन सेवा सदन में मण्डलायुक्त श्री अजय दीप सिंह तथा श्री रघुराज सिंह (अध्यक्ष/राज्यमंत्री, श्रम एवं नियोजन, उत्तर प्रदेश सरकार) ने महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ललित उपाध्याय को कलमवीर साहित्य सम्मान से सम्मानित किया।



डॉ. ललित उपाध्याय को यह सम्मान उनके द्वारा सम्पादित पुस्तक ''वतन के रखवाले'' के उपलक्ष्य में दिया गया है। मण्डलायुक्त महोदय ने कहा कि वीर सैनिकों के अदम्य साहस को समर्पित यह काव्य संकलन चिरस्मरणीय बनेगा। इस संकलन में महाविद्यालय के बी.कॉम. के छात्र हेमन्त कुमार की रचनाओं को भी प्रकाशित किया गया है, इस अवसर पर अलीगढ़ की पूर्व मेयर श्रीमती सावित्री वार्ष्णेय तथा ज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

➢ **ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब की प्रथम वर्षगाँठ का आयोजन :**

05 अक्टूबर, 2019 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब की प्रथम वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन श्रीमती सीमा सिंघल, रोटेरियन रागिनी वार्ष्णेय तथा रोटेरियन रचना ने अतिथि के रूप में भाग लिया। रोटेरियन सीमा सिंघल ने जल संरक्षण के बारे में बताया तथा कहा कि रोट्रेक्ट क्लब में 18 से 30 वर्ष की आयु तक के व्यक्तियों को शामिल किया जाता है।

रोटरी क्लब (दीवा), अलीगढ़ की ओर से ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सामूहिक गीत, नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



Scanned by CamScanner

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में सभी संकायों के प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब के प्रभारी डॉ. प्रशान्त शर्मा तथा डॉ. ज्योति सिंह ने किया।

➢ **गोद लिये गये गाँव मईनाथ की बेटी को ज्ञान शक्ति पुरस्कार :**

05 अक्टूबर, 2019 को हमारे महाविद्यालय में आयोजित रोट्रेक्ट क्लब की पहली वर्षगाँठ के समारोह में गाँव मईनाथ की संगीता राजपूत पुत्री श्री नागेन्द्र पाल सिंह को रोट्रेक्ट क्लब (दीवा) की अध्यक्षा श्रीमती रीमा सिंघल एवं श्रीमती रागिनी वार्ष्णेय तथा रचना मैडम व हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने "ज्ञान शक्ति पुरस्कार" एवं एक सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया। यहाँ यह कहना अनावश्यक नहीं होगा कि संगीता राजपूत ने ज्ञान आई.टी.आई. के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKY) केन्द्र से कौशल विकास का 6 महीने का कोर्स किया। ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के कार्यों से प्रेरित होकर संगीता ने सामाजिक कार्य शुरू किये एवं राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका के पद पर रहते हुये गाँव-गाँव जाकर सामाजिक जागरूकता के कार्य किये। साथ ही गाँव की लड़कियों को सिलाई, कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दे रहीं हैं।

➢ **पल्स पोलियो रैली में रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों का प्रतिभाग**

24 अक्टूबर, 2019 को विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर नगर निगम, अलीगढ़ और रोटरी क्लब, अलीगढ़ लॉक सिटी द्वारा रैली निकाली गयी, जिसमें पॉलीथिन से मुक्त होने का संकल्प लिया। इस रैली में एन.सी.सी. कैडेट, एन.सी.सी. बैण्ड व ज्ञान रोट्रेक्ट क्लब (ज्ञान महाविद्यालय) सहित विभिन्न संस्थाओं के लोग शामिल हुए। यह रैली गांधी पार्क बस स्टैण्ड, शीशियापाड़ा, मानिक चौक, अचल ताल तथा दुबे के पड़ाव से गुजरकर गांधी पार्क पर समाप्त हुई। इस रैली में नगर आयुक्त श्री सत्य प्रकाश पटेल, रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री अरुण जैन तथा रोटरी क्लब सिटी के अध्यक्ष श्री चेतन पाण्डेय ने प्रतिभाग किया।

➢ **शहीद स्मारक, सरकारी स्कूल तथा जरूरतमन्द लोगों के घर दीप जलाये :**

26 तथा 27 अक्टूबर, 2019 की रात (छोटी तथा बड़ी दीवाली) को उक्त विषयक स्थानों पर स्वेच्छासेवियों ने दीपक जलाये।




यह दीपक ज्ञान महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गये चौदह गाँव के विद्यार्थियों को 22 अक्टूबर, 2019 को ज्ञान ज्योति मेले में महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा दिये गये थे। इस प्रकार दीये जलाये जाने से विद्यार्थियों को सोशल मैपिंग पद्धति की जानकारी हुई। यह आयोजन महाविद्यालय की सामाजिक सरोकार समिति द्वारा किया गया।

➢ **रन फॉर यूनिटी का आयोजन :**

31 अक्टूबर, 2019 को महाविद्यालय के खेल मैदान पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और खेल विभाग ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। इस राष्ट्रीय एकता दौड़ में महाविद्यालय के सभी संकाय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में अभिषेक सिंह ने प्रथम तथा सौरभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सरिता सिंह ने प्रथम तथा मृगनयनी गौड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम का संयोजन श्री सुमित कुमार तथा डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## 5. ज्ञान आई.टी.आई. के कार्यक्रम

➢ **ज्ञान आई.टी.आई. के प्रशिक्षुओं का शैक्षिक भ्रमण :**

07 मई, 2019 को ज्ञान आई.टी.आई. के फिटर एवं इलैक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षु अपने अनुदेशक सर्वश्री विवेक शर्मा, हेमन्त कुमार एवं पुष्पेन्द्र कुमार के साथ एक दिवसीय इण्डस्ट्रियल विजिट पर परमाणु ऊर्जा केन्द्र, नरौरा (जिला बुलन्दशहर) गये। ऊर्जा केन्द्र के इंजीनियर श्री भास्कर शर्मा तथा ट्रेनिंग ऑफीसर श्री मुकेश शर्मा ने भ्रमण दल को बताया कि इस केन्द्र से देश के बड़े हिस्से को विद्युत आपूर्ति की जाती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया एवं पावर ट्रान्समिशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षुओं ने परमाणु ऊर्जा केन्द्र की टीम से विद्युत उत्पादन, परीक्षण एवं अनुरक्षण सम्बन्धी विभिन्न तकनीकी सवाल पूछे। आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य ने प्रशिक्षुओं को प्रारम्भ में इस विजिट के अनुभव से सीख लेने एवं अपने व्यावसायिक ज्ञान को बढ़ाने के लिये प्रेरित कर दिया था।



Scanned by CamScanner

भ्रमण से लौटने पर प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभवों के बारे में अपने साथी प्रशिक्षुओं को बताया । इस गोष्ठी में अनुदेशक सर्वश्री गौरव कुमार, रामबाबू लाल एवं मयंक कुमार उपस्थित रहे। भ्रमण पर गये प्रशिक्षुओं ने यह भी बताया कि उनके लिये यह विजिट निश्चित रूप से फलदायी सिद्ध होगी।

➢ ज्ञान आई.टी.आई. का दीक्षांत समारोह :

14 मई, 2019 को ज्ञान आई.टी.आई. के 2016-18 बैच के इलैक्ट्रिशियन व फिटर ट्रेड के पास हुए प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौ. फैजल खॉन जिला प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने मुख्य अतिथि तथा ज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने पास हुए प्रशिक्षुओं को आई.टी.आई. की उपयोगिता एवं सरकारी कार्यक्रम जैसे उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि के बारे में बताने के साथ-साथ सरकारी व प्राइवेट नौकरियों की उपलब्धता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में आई.टी.आई. के छात्र एवं स्टाफ के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। ज्ञान महाविद्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने छात्रों को बताया कि सफलता के लिए निरन्तर प्रयास ही मूल मंत्र है।

आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय ने ज्ञान आई.टी.आई. की अब तक की प्रगति से सभी को अवगत कराया तथा प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करने के साथ-साथ अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री विकास वर्मा ने किया।

➢ ज्ञान आई.टी.आई. में आयोजित प्लेसमेंट शिविर :

17 मई, 2019 को ऑटोमोबाइल पार्ट्स निर्माता कम्पनी वीनस इण्डस्ट्रियल कॉरपोरेशन प्रा.लि., बल्लभगढ़ के प्रतिनिधि श्री धर्मेन्द्र सिंह (टीम कॉर्डीनेटर) व उनके सहयोगी श्री राजेन्द्र अग्रवाल (सुपरवाइजर) ने ज्ञान आई.टी.आई. में आकर अपने पलवल स्थित प्लांट के लिए साक्षात्कार के माध्यम से 55 छात्रों का चयन किया।



इस शिविर में चयन हेतु विभिन्न आई.टी.आई. के फिटर, इलैक्ट्रीशियन, इलैक्ट्रोनिक्स, टर्नर, प्लम्बर तथा मशीनिष्ट ट्रेड के उत्तीर्ण 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, चयनित 55 छात्रों में से 40 छात्र ज्ञान आई.टी.आई. तथा 08 छात्र सहयोगी संस्थान ज्ञानदीप आई.टी.आई. रूहेरी (हाथरस) के हैं।

ज्ञान आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

➢ ज्ञान आई.टी.आई. में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन :

17 सितम्बर, 2019 को ज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान आई.टी.आई. में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन पूरी श्रद्धा से किया गया। इस अवसर पर हवन एवं पूजन भी किया गया, आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य, अनुदेशक तथा विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता तथा जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने भी आयोजन में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार वार्ष्णेय ने विश्व के सबसे बड़े शिल्पकार श्री विश्वकर्मा जी द्वारा बनाये गये मॉडल के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों को उनके कार्यों से प्रेरणा व सीख लेने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

➢ ज्ञान आई. टी. आई. में एक दिवसीय कार्यशाला :

23 सितम्बर, 2019 को नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (NPTI) नयी दिल्ली ने ज्ञान आई.टी.आई. के प्रशिक्षुओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का विषय सोलर पावर सिस्टम था। NPTI के उप निदेशक श्री राजेश शुक्ल ने सौर ऊर्जा उत्पादन तथा उसके घटक के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बताते हुए कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध ऊर्जा के संसाधन जैसे- डीजल, पेट्रोल तथा कोयला आदि सीमित हैं, इसलिए भविष्य में सौर ऊर्जा ही एक मात्र बेहतर विकल्प होगी।

NPTI के निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित जानकारी दी और प्रशिक्षणार्थियों को सौर मित्र बनने के लिये प्रेरित किया तथा कहा कि प्रशिक्षुओं को आत्म निर्भर बनने का प्रयास करना चाहिये। निदेशक महोदय ने सौर मित्र बनने के लिये आवश्यक योग्यता एवं प्रशिक्षण के बारे में बताने के साथ-साथ सौर मित्रों को भविष्य में रोजगार की सम्भावनाओं के बारे में भी जानकारी दी। NPTI की फैकल्टी मैम्बर कु. ज्योति ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सौलर सैल व उपकरणों के निर्माण एवं कार्य पद्धति के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यशाला में सम्मिलित प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिये गये।इस कार्यशाला में ज्ञान आई.टी.आई. (इलैक्ट्रीशियन ट्रेड) के 250 से अधिक प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

ज्ञान आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार वार्ष्णेय ने अपने संस्थान की प्रगति के बारे में बताया तथा NPTI के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



Scanned by CamScanner